समाचार

# '' एक पेड़ मॉ के नाम '' अभियान में बी.एन.आई. क्रिस्टल्स ने दी अपनी सहभागिता

## ( आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के साथ संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने किया वृक्षारोपण )



कोरबा 21 जुलाई 2026 – '' एक पेड़ मॉ के नाम '' अभियान में आज बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल क्रिस्टल्स संस्था ने अपनी महती सहभागिता दी तथा महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर मुख्य मार्ग पर संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय एवं निगम के अधिकारियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। संस्था के पदाधिकारियों ने उक्त मार्ग पर लगाये गये पौधों को गोद लिया तथा इन पौधों की देखरेख एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुये हरित कोरबा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन व नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वन विभाग के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित कोरबा के संकल्प के साथ विगत 18 जुलाई से '' एक पेड़ मॉ के नाम '' अभियान के तहत सघन वृक्षारोपण का कार्य संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के चौथे दिवस आज

कोरबा के महाराणा प्रताप चौक से घंटाघर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, कोरबा की प्रतिष्ठित संस्था बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल क्रिस्टल्स (बी.एन. आई. क्रिस्टल्स) ने इस महत्वपूर्ण अभियान में अपनी सहभागिता निभाई तथा आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के साथ मिलकर संस्था के पदाधिारियों व सदस्यों ने उक्त मार्ग पर वृक्षारोपण किया। इस मौके पर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के साथ ही संस्था के अध्यक्ष रोहित असरानी, उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सचिव कोषाध्यक्ष धनराज रामानी, सदस्य सागर बत्रा, सुनील रामानी, डॉ.सरफराज खान, सांईप्रिया, सुनील विश्वकर्मा, निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त नीरज कौशिक, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ एवं भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, उद्यान अधीक्षक आनंद सिंह राठौर सहित अन्य लोगों ने वृक्षारोपण किया। बी.एन.आई. क्रिस्टल्स के पदाधिकारियों ने उक्त मार्ग पर लगाये गये पौधों को गोद लेते हुये इन पौधों के संरक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया। संस्था के पदाधिकारियों व सदस्यों ने आमजन से अपील भी की कि वे पर्यावरण संरक्षण व कोरबा को हरित कोरबा, सुंदर कोरबा बनाने के संकल्प को पूरा करने अपनी महती सहभागिता दें, अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करें तथा पेड़—पौधे व वृक्षों के संरक्षण व संवर्धन हेतु अपना सहयोग दें।